प्रियंवदा बिड़ला अरविंद आई हास्पिटल में लेसिक सर्जरी शुरू

कोलकाता, २१ जनवरी (निप्र)। दक्षिण कोलकाता स्थित प्रसिद्ध प्रियंवदा बिड़ला अरविंद आई हास्पिटल में आज से अत्याधुनिक लेसिक सर्जरी की शुरुआत हो गयी। एम पी बिड़ला समूह के चेयरमैन श्री हर्षवर्द्धन लोढ़ा ने कोलकाता व मदुरै के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सकों की उपस्थिति में जर्मन तकनीक से तैयार अत्याधुनिक लेसिक मशीन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री लोढ़ा ने कहा कि लेसिक सर्जरी जिसे कास्मेटिक सर्जरी के रूप में भी जाना जाता है, उम्दा तकनीक का कमाल है, जिससे नेत्रों की सुरक्षा ही नहीं बल्कि बेहतर परिणाम भी मिलता है। उन्होंने कहा कि आज समाज के हर वर्ग के लोग कास्मेटिक सर्जरी को अपना चुके हैं। श्री लोढ़ा ने बताया कि अस्पताल में आज जिस मशीन का उद्घाटन किया गया है, वह जर्मन तकनीक पर आधारित वेबलाइट एलिग्रेटो एक्सीमर लेजर ५००एचजेड अल्कन लेसिक मशीन है, जो गुणवत्ता व सुरक्षा के साथ बेहतर परिणाम देता है। श्री लोढ़ा ने बताया कि एम पी बिड़ला अरविंद आई क्लिनिक के बैनर तले ५० हजार से सर्जरी कर चुका है। इसी तरह समाज के असहाय पड़े २.५ लाख मरीजों को काफी रियायती मूल्य में चिकित्सा प्रदान कर चुका है। उल्लेखनीय है कि आज यहां जिस लेसिक मशीन का उद्घाटन किया गया है वह दुनिया की सबसे तेज फ्रिक्वेंसी वाली लेजर मशीन है। इस उद्घाटन मौके पर कई वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक भी उपस्थित थे।